# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 मई 2024, शनिवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के चेवेल्ला और नगरकुरनूल में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**देश का प्रधानमंत्री आतंकवादियों को पालने वाला नहीं, बल्कि मोदी जी जैसा आतंकवादियों को समाप्त करने वाला होना चाहिए**

****************

**बीआरएस, कांग्रेस और ओवैसी ट्रिपल तलाक फिर से लाना चाहते हैं**

****************

**कांग्रेस और बीआरएस ने तेलंगाना की जनता के ₹16 लाख करोड़ हजम कर लिए**

****************

**भाजपा 10 सीटें जीतेगी तो मुस्लिम आरक्षण समाप्त होगा और तेलंगाना में तेलंगाना विमोचन दिन मनाया जाएगा**

****************

**तेलंगाना में चल रहा है आरआर (RR), यानी रेवंत रेड्डी, राहुल गाँधी टैक्स**

****************

**मोदी जी की गारंटी पूरी होने की गारंटी है और कांग्रेस की गारंटी कभी पूरी नहीं होनेवाली चाइनीज़ गारंटी है**

****************

**रेवंत रेड्डी ने किसानों को हर साल ₹15 हजार, खेतिहर मजदूरों को ₹12 हजार और छात्रों को ₹5 लाख देने का वादा पूरा नहीं किया**

****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को तेलंगाना के चेवेल्ला और नगरकुरनूल में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम की तुष्टीकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा और पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर गुलबर्गा निवर्तमान सांसद श्री उमेश जाधव, चेवेल्ला लोकसभा से प्रत्याशी श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, नगरकुरनूल लोकसभा से प्रत्याशी श्री भरत प्रसाद पोथुगंती सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा **कि यह चुनाव दो खेमों में बंटा हुआ है, एक ओर एनडीए जो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन जो राहुल गांधी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी और उनके घटक दल हैं और दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जिन पर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। एक ओर विदेश में छुट्टी मनाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं और वहीं दूसरी ओर 23 वर्षों बिना छुट्टी लिए जनता के काम करने वाले और सरहद पर देश के जवानों के साथ दिवाली मनाने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। एक ओर चांदी की चम्मच लेकर पैदा होने वाले राहुल गांधी हैं और दूसरी ओर गरीब**

**चाय बेचने वाले के घर में जन्मे हुए माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। एक तरफ तुष्टिकरण के आधार पर राजनीति करने वाला इंडी गठबंधन है, वहीं दूसरी तरफ देश के लिए जान देने की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी है। घमंडिया गठबंधन के नेता राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी। लेकिन 4 जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से समाप्त होने वाला है। देश में तीन चरणों का मतदान सम्पन्न हो चुका है जिसमें आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 190 सीटें पार कर चुके हैं और चौथे चरण में 400 पार की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो चुका है। कांग्रेस की गारंटी चीनी गारंटी है जो कभी पूरी नहीं होती है।**

श्री शाह ने कहा कि 1998 में आज के दिन ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी ने पोखरण में परमाणु टेस्ट करके भारत को परमाणु सम्पन्न देश बनाने का काम किया था। मगर कांग्रेस के नेता सर्जिकल और एयर स्ट्राइक का प्रमाण मांगकर देश की सेना का अपमान किया है। भारत का प्रधानमंत्री ऐसा होना चाहिए जो धारा 370 को निरस्त कर कश्मीर में समृद्धि लाए, जो राष्ट्रीय सुरक्षा पर मुंहतोड़ जवाब देना जानता हो। कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण के कारण आतंकवाद को बचाएं रखा था, मगर यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का काम किया है। कांग्रेस ने 70 सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के 5 वर्षों के भीतर फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हुए और भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया। कांग्रेसी नेताओं को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया, लेकिन उन्होंने वोटबैंक की राजनीति के लिए निमंत्रण को ठुकरा दिया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने केवल राम मंदिर नहीं, बल्कि काशी विश्वनाथ का मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार का काम किया, महाकाललोक कॉरीडोर बनाया और सोमनाथ मंदिर को भी सोने का बनाने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी कभी भी तेलंगाना का विकास नहीं कर सकती। **बीआरएस और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस वाले यह झूठ फैला रहे हैं कि भाजपा सरकार का 400 पार आया तो आरक्षण समाप्त कर देंगे, लेकिन 10 वर्षों से बहुमत होने के बाद भी भाजपा ने आरक्षण नहीं हटाया।** कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को छीनकर, अल्पसंख्यकों के नाम अपने वोट बैंक को देने का प्रयास किया है। भाजपा वर्ग विशेष के आरक्षण को समाप्त करने का काम करेगी। **कांग्रेस पार्टी झूठ के आधार पर चुनाव जीतना चाहती है। राहुल बाबा अपनी रैलियों में भाजपा के बारे में अफवाहें फैला रहे हैं। विपक्ष ने मेरा वीडियो एडिट करके अपने उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास किया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने फेक वीडियो फॉरवर्ड किया और अब पुलिस इस पर कार्यवाही कर रही है और जल्द ही दोषियों को सजा देगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि तेलंगाना के स्थापना के समय एक राजस्व अधिशेष राज्य था। **कांग्रेस और बीआरएस पार्टी ने तेलंगाना को 16 लाख करोड़ रुपए के कर्ज तले दबा दिया है और राज्य के विकास के लिए कुछ भी कार्य नहीं किए गए।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एफआरबीएम ऐक्ट के तहत तेलंगाना को विशेष छूट देकर 9000 करोड़ रुपए दिए। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में छोटे-छोटे गांव में नगर पालिका बना रही है, जिसमें कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। रेवंथ रेड्डी और राहुल गांधी मिलकर आरआर टैक्स ला रहे हैं, जिसका मतलब रेवंथ रेड्डी-राहुल गांधी टैक्स है।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी, ओवैसी और बीआरएस, तुष्टीकरण की राजनीति की ABC है, जिसमें A का मतलब असद्दुदीन ओवैसी, B का मतलब बीआरएस और C का मतलब कांग्रेस है**। इन सभी ने मिलकर राम नवमी के जुलूस पर प्रतिबंध लगाने का काम किया और हैदराबाद विमोचन दिवस मनाने पर भी रोक लगा दी। कांग्रेस, बीआरएस और ओवैसी सीएए और यूसीसी का विरोध कर रहे हैं और तीन तलाक को वापस लाना चाहते हैं। चेवेल्ला जिले में पलमुरु रंगारेड्डी लिफ्ट इरीगेशन योजना का शुरू तो किया गया, लेकिन पूरा नहीं किया गया और कलेश्वरम परियोजना की तरह यह भी भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया। तेलंगाना में मडीगा समाज के साथ आरक्षण में अन्याय होता है, मगर भारतीय जनता पार्टी उनके आरक्षण के न्याय को सुनिश्चित करेगी। विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने तेलंगाना में 2500 किलोमीटर नेशनल हाईवे का निर्माण किया, 20 हजार करोड़ रुपए की लागत से 350 किलोमीटर लंबे रिजनल रिंग रोड को बनाया, 1100 करोड़ रुपए के मल्टी मॉडल के फेस 2 के काम को पूरा किया, राज्य के लिए 4 वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की, 2600 करोड़ रुपए के रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी और 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से सिकंदराबाद और चेरापल्ली के नए रेलवे स्टेशन का निर्माण

किया जा रहा है। तेलंगाना में एम्स की स्थापना की, स्मार्ट सिटी मिशन के लिए 200 करोड़ खर्च किए, 31 लाख शौचालयों का निर्माण किया, 2 लाख 20 हजार लोगों को पक्के आवास मुहैया कराए गए और राज्य के सभी गरीबों को निशुल्क राशन मुहैया कराया गया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में किए गए किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करने, किसानों को हर वर्ष 15 हजार रुपए, मजदूर को हर वर्ष 12 हजार रुपए, चावल और गेहूं की खरीद पर 500 रुपए बोनस, विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए तक का बिना गारंटी का ऋण, छात्राओं को नि:शुल्क स्कूटी और हर तहसील में अंतरराष्ट्रीय विद्यालय बनाने के वादे को अब तक पूरा नहीं किया है। कांग्रेस कभी अपने वादे पूरे नहीं करती है। कांग्रेस आदिवासी, दलित, वंचित, पिछड़ा वर्ग और ओबीसी विरोधी पार्टी है। **कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया है लेकिन भाजपा सरकार ने दलित समाज का राष्ट्रपति बनाया। सोनिया-मनमोहन शासन में दलितों के लिए बजट सिर्फ 41 हजार करोड़ रुपए था लेकिन मोदी जी ने उस बजट को बढ़ाकर 1 लाख 85 हजार करोड़ रुपए करने का कार्य किया।** बाबा साहब के जन्मदिन 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस और 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित करने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। लंदन में बाबा साहब की स्मारक बनाने का काम, नागपुर में दीक्षाभूमि बनाने काम, दिल्ली में बाबा साहब की मृत्यु स्थली को महापरिनिर्वाण स्थान बनवाने का काम और जहां बाबा साहब का अंतिम संस्कार हुआ वहां चैत्य भूमि बनाने का काम भी भारतीय जनता पार्टी ने किया है।

श्री शाह ने कहा कि नगरकुरनूल के लिए मोदी सरकार ने ढेर सारे विकास के कार्य किये है। 820 करोड़ रुपए से कलवाकुरति से नगरकुरनूल तक राष्ट्रीय हाइवे, 1100 करोड़ से सोमासिला केबल स्टेशन नीलांबुर ब्रिज तेलंगाना, अचम्पेट में पर्यटन स्थल बढ़ाने के लिए कई काम किये है। कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है लेकिन कांग्रेस कहती हैं कि कश्मीर का राजस्थान और तेलंगाना सहित भारत के अन्य राज्यों से क्या लेनदेन है। कांग्रेस नहीं जानती है कि भोंगिर सहित पूरे तेलंगाना का बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 2200 करोड़ रुपए की लागत से हसन-चेरलापल्ली एलपीजी पाइप्लाइन की शुरुआत की, 6300 करोड़ रुपए की लागत से रामगुंडम फ़र्टिलाइज़र कॉर्पोरेशन लिमिटेड का पुनर्निर्माण किया, हल्दी बोर्ड की स्थापना की, मुलुगू समक्का-सरक्का ट्राइबल युनिवर्सिटी का निर्माण किया, प्रसाद योजना के तहत स्थानीय मंदिरों का विकास किया। बुलेट ट्रेन का पहला स्टॉप तेलंगाना के विकाराबाद में आने वाला है। आयुष्मान भारत के तहत चेवल्ला में 8 लाख गरीबों को 5 लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज मुहैया कराया जा रहा है। रंगारेड्डी में स्वास्थ्य के लिए 500 बेड वाले ईएसआई अस्पताल का विकास किया जा रहा है और 80 हजार गरीब माताओं को गैस सिलिन्डर मुहैया कराया जा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि **अगर इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो इनका प्रधानमंत्री कौन होगा? इंडी गठबंधन से पत्रकारों ने पूछा कि आपका प्रधानमंत्री कौन बनेगा? तो विपक्षी गठबंधन के नेतों ने जवाब दिया कि प्रतिवर्ष बारी-बारी बन जाएंगे। लेकिन सच तो यह है कि इंडी अलायंस के पास न नीति है, नीयत है और न ही नेतृत्व है।** कांग्रेस पार्टी देश की सुरक्षा नहीं कर सकती, G-20 जैसे बड़े आयोजन कर के देश का सम्मान नहीं बढ़ा सकती, चंद्रमा पर चंद्रयान नहीं पहुंचा सकती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कश्मीर को मजबूती प्रदान की गई, कोरोना से जंग जीती गई और G-20 का अभूतपूर्व नेतृत्व किया गया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को दुनिया का पांचवा बड़ा अर्थतंत्र बनाया है और भारत को आगे बढ़ाने का काम किया। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने स्थानीय प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर तेलंगाना में 10 से अधिक सीटों के साथ फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

******************